बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
*सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9473191199, 9431479774

महासचिव,
*सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :- * सआदत हसन मिन्टो
* राजेन्द्र राम

संयुक्त सचिव:- * राजयबन्द वार्डियार
* अनिल कुमार

कोषाध्यक्ष:- * चन्द्र शेखर सिंह

संयुक्त कोषाध्यक्ष:- * विनोद आनन्द

पत्रांक : 37 दिनांक 26-07-2012

सेवा में,

प्रधान सचिव,
वित्त विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय- पुनरीक्षित वेतन के तहत एक ही बैच के मूल कोटि के पदाधिकारियों की सेवा संपुष्टि की तिथि भिन्नता की स्थिति में वेतन-पर्ची गलत ढंग से निर्गत करने के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वर्त्तमान में पुनरीक्षित वेतन के तहत वित्त (वैक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग द्वारा जारी किए जा रहे मूल कोटि के वेतन-पर्चों में एक ही बैच के पदाधिकारियों की सेवा संपुष्टि की तिथि भिन्न रहने की स्थिति में उनका वेतन निर्धारण अलग-अलग वेतन स्तर पर कर दिया जा रहा है, जिसके कारण एक ही बैच के पदाधिकारी के वेतन में एकरूपता नहीं रह जाती है। वर्त्तमान पुनरीक्षण से पूर्व सेवा संपुष्टि की तिथि की भिन्नता रहने पर भी संपुष्टि की तिथि को सभी वार्षिक वेतनवृद्धि वैचारिक रूप से जोड़कर वास्तविक भुगतान संपुष्टि की तिथि से दी जाती थी ताकि एक बैच के पदाधिकारियों की वेतन में एकरूपता कायम रहे। इस व्यवस्था को समाप्त करने का न तो कोई औचित्य है न ही सरकार का ऐसा कोई आदेश ही है।

भवदीय से अनुरोध होगा कि वेतन-पर्चा निर्गत करने में अपनाई जा रही इस गलत व्यवस्था को तुरंत ठीक करने का निदेश जारी करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

(सुशील कुमार)

महासचिव